आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 07.10.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने हरिद्वार में ''आंगनबाड़ी सह क्रैच– पालना केंद्र'' का शुभारंभ किया।
- पिथौरागढ़ पुलिस ने झूलाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत 30 नाली भूमि में अवैध भांग की खेती को नष्ट किया।
- पिथौरागढ़ जिले में पाभें गांव के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई।

सीएम हल्द्वानी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। अल्मोड़ा, चंपावत और देहरादून में साइंस सेंटर, हल्द्वानी में एस्ट्रो पार्क और खेल विश्वविद्यालय के निर्माण सहित कई ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आई है। समान नागरिक संहिता पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही यू.सी.सी. लागू किया जाएगा।

पालना केंद्र

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने आज हरिद्वार के बीएचईएल क्षेत्र में ''आंगनबाड़ी सह क्रैच– पालना केंद्र'' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती आर्य ने कहा कि सरकार का ये मॉडल क्रैच सभी सुविधाओं से लैस है और पूरी तरह से बच्चों के अनुकूल विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पालन केंद्र शुरू होने से आसपास की कामकाजी महिलाओं को एक बड़ी सुविधा मिलेगी और बच्चों का पोषण व विकास भी सुनिश्चित हो सकेगा। श्रीमती आर्य ने कहा कि गरीब और श्रमिक वर्ग की माताओं के छोटे बच्चों के लिए पालन केंद्र की शुरुआत हुई, जिसमें कामकाजी महिलाओं के 6 माह से लेकर 6 साल तक के बच्चों का पालन पोषण होगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए आंगनबाड़ी में पौधारोपण भी किया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को 'महालक्ष्मी किट' का भी वितरण किया गया।

नक्सलवाद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा है कि सरकार के बेहतर केंद्र–राज्य समन्वय से देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सली हिंसा की घटनाएं 16 हजार से घटकर लगभग 7 हजार सात सौ हो गई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी। श्री शाह ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद के खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

घोषणा

प्रदेश सरकार ने रुद्रप्रयाग जिले के आठ स्कूलों को इंटरमीडिएट में उच्चीकृत करने की घोषणा की हैं। इन कॉलेजों के उच्चीकृत होने से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र कला विषय का अध्ययन कर सकेंगे। बता दें कि स्थानीय लोग करीब 13 वर्षों स्कूलों को उच्चीकृत करने की मांग कर रहे थे।

चौपाल

अल्मोड़ा जिले के जौरासी गांव में चौपाल लगाकर पुलिस ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस मौके पर पुलिस ने ग्रामीणों को उत्तराखंड पुलिस ऐप, गौरा शक्ति, साइबर क्राइम और नशे से दूर रहने के बारे में जागरूक किया। चौपाल में उत्तराखंड पुलिस हेल्पलाइन नंबर–112, महिला हेल्पलाइन नंबर– 1090, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर– 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। देघाट थाना प्रभारी दिनेश नाथ महंत ने लोगों से अपील की कि वे किराएदारों का सत्यापन जरूर कराए।

ड्रग्स फ्री देवभूमि

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत राज्य में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में आज पिथौरागढ़ पुलिस ने झूलाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत 30 नाली भूमि में अवैध भांग की खेती को नष्ट किया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों को भविष्य में भांग की खेती न करने और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक भी किया। वहीं, देहरादून पुलिस ने चेकिंग के दौरान 50 लाख की कीमत की 68 ग्राम कोकीन के साथ कोबरा गैंग के विदेशी पैडलर को कुठाल गेट बैरियर से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि प्रदेश को ड्रग्स फ्री बनाने के उद्देश्य से ड्रग्स तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है।

दुर्घटना

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय के पाभें गांव के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, आज सुबह करीब 11 बजे कनारी पाभें मार्ग पर एक वाहन के अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिरने से ये दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत और बचाव अभियान चलाया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि वाहन सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

विश्व रेंजर कांफ्रेंस

फ्रांस में 10वीं विश्व रेंजर कांफ्रेंस में उत्तराखंड के आशीष गौड़ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सात से 11 अक्टूबर तक चलने वाली इस कांफ्रेन्स में फ्रंटलाइन स्टाफ से जुड़े वनकर्मी शिरकत करेंगे। आशीष गौड़ वर्तमान में राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। कई कठिन मानकों को सफलता पूर्वक पार करने के बाद उनका इस कांफ्रेंस के लिए चयन हुआ है। भारत से वे एकमात्र प्रतिनिधि हैं। वर्ष 2011 में वन सेवा से जुड़े आशीष गौड़ ने वन्यजीव संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है। चीला रेंज में तैनाती के दौरान बाघों व जंगली गजराजों के संरक्षण को लेकर बेहतरीन टीम वर्क किया है। वहीं मोतीचूर रेंज में बाघों के ट्रांसलोकेशन व मॉनिटरिंग में भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में हल्द्वानी में वन आरक्षी ट्रेनिंग में प्रथम स्थान पाने के साथ स्वर्ण पदक भी हासिल किया है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत के जन्म दिवस के अवसर पर राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दून मेडिकल कॉलेज के छात्र–छात्राओं  और अस्पताल के कर्मचारी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ रावत ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तो वह यह समझे कि वह एक जीवन इस सृष्टि में बचा रहा है।

मातृ पितृ तीर्थाटन यात्रा

अल्मोड़ा जिले से तीस बुजुर्गों को पंडित दीन दयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के लिए चयन किया गया। क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रमोद नैनवाल ने हरी झंडी दिखाकर बुजुर्गों की यात्रा का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए पंडित दीन दयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना शुरू की है। रानीखेत विधानसभा के भिकियासैंण व रानीखेत तहसील से चयनित बुजुर्ग 6 दिवसीय यात्रा में हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, गंगोत्री धाम और मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। विधायक रानीखेत डाक्टर प्रमोद नैनवाल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग यात्रा में शामिल किए गए हैं।

विश्व शूटिंग चैंपियनशिप

पेरू के लीमा में जूनियर विश्व शूटिंग चैंपियनशिप के अंतिम दिन दीपक दलाल, कमलजीत और राजचंद्र की तिकड़ी ने पुरूषों की 50 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारत के जूनियर निशानेबाजों ने 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

और अब संक्षिप्त समाचार—

गढ़वाल वन प्रभाग ने वन्य जीव सप्ताह के तहत पौड़ी में स्थित विभिन्न विद्यालयों में मानव वन्यजीव सह अस्तित्व थीम पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्र—छात्राओं के बीच चित्रकला, निबंध, सामान्य ज्ञान, विचार गोष्ठी और जागरूकता रैलियां आयोजित की गई। चमोली जिले में आयोजित होने वाले 72वां राजकीय औद्योगिक विकास और सांस्कृतिक गौचर मेले की तैयारियां जोरों पर है। उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि मेले के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृति व परम्परा को एक धरोहर के रूप में संरक्षित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।